पेज थ्री देहरादून

देहरादून शुक्रवार 2 अक्टूबर 2020





जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित करते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसयूआई ने फूंका दून विश्वविद्यालय का पुतला

**संवाददाता** देहरादून। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने दून यूनिवर्सिटी में चल रहे फर्जी चाइनीस सर्टिफिकेट कोर्स के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दून विश्वविद्यालय का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज किया। इस अवसर पर छात्र नेता आदित्य बिष्ट के नेतृत्व में छात्र व कार्यकर्ता इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने दून विश्वविद्यालय का पुतला फूंका। इस अवसर पर आदित्य बिष्ट ने कहा है कि इस प्रकार के कोर्सों को पूर्ण रूप से शीघ्र ही बंद नहीं किया गया तो सडकों पर उतरकर आंदोलन किया जायेगा।

### उत्तराखंड की लोक संस्कृति को लेकर शूट किये गये गीत

**संवाददाता** देहरादून। स्वागत फिल्म्स के बैनर तले उत्तराखंड की लोक संस्कृति को लेकर छठ गीत शूट किए गए हैं जो उत्तराखंड की सुंदरवादी गंगा घाटी में गंगोत्री धाम हर्षिल भगोड़ी मंदाकिनी पॉइंट उत्तरकाशी चिन्यालीसौड़ चकराता मसूरी तमाम लोकेशन पर शूट किए गए हैं। डीओपी निर्माता एवं निर्देशक स्वयं बाबूराम शर्मा पूर्व सदस्य उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद ने बताया कि यह गीत उत्तराखंड के बोली भाषा वेशभूषा पर फिल्माया गया है इसमें अभिनय किया है उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध अभिनेत्री रश्मि अरोड़ा एवं सुप्रसिद्ध कलाकार एवं गायक विजय नेगी ने किया है।

### सोमवार से दी आंदोलन करने की चेतावनी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड जनरल ओबीसी एंप्लाइज एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष दीपक जोशी एवं प्रांतीय महासचिव वीरेंद्र सिंह गुसांई द्वारा मुख्य सचिव से वार्ता की गई। उक्त वार्ता में मुख्य सचिव को दो टूक शब्दों में शीघ्र श्री दीपक जोशी के खिलाफ सरकार द्वारा असंवैधानिक जांच के पटाक्षेप हेतु कहा गया।

### पेश है सबसे बड़ी फैशन अनलॉक सेल!

**संवाददाता** देहरादून। ये वही है जिसका आप इंतजार कर रहे थे, ब्रांड फैक्ट्री में खरीदारी के सुरक्षित और स्वच्छ माहौल में सबसे अच्छे ऑफर्स के साथ अपने मनपसंद फैशन ब्रांड्स की खरीदारी करके स्टाइल में अनलॉक करें। सबसे बड़ी फैशन अनलॉक सेल, 3500 रुपये की खरीदारी सिर्फ 1499 रुपये के वास्तव में अनूठे ऑफर के साथ 4 अक्टूबर 2020 तक आपको फैशन और खुशी को अनलॉक करने की चाबी देती है। इसे देश में सबसे बड़ी फैशन सेल के रूप में माना जाता है – लॉकडाउन के बाद यह अपनी तरह की पहली सेल है, जहां आपको टॉप ब्रांड्स और स्टाइल ट्रेन्ड्स से इठलाने का मौका मिलता है, इसी के साथ 3500 रुपये की खरीदारी सिर्फ 1499 रुपये के ऑफर के साथ आपकी जेब पर भी ज्यादा बोझ नहीं आता!

# भाजपा की योगी सरकार को बर्खास्त करने की मांग

**प्रदर्शन**

■ हाथरथ की बेटी के स्वजनों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**संवाददाता**

देहरादून। यूपी के हाथरथ में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद मौत के मामले में देशभर में नागरिकों में आक्रोश है। जगह जगह पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है। उत्घ्तराखंड महानगर कांग्रेस कार्यकर्त्घ्ताओं ने भी गुरुवार यूपी सरकार पर आरोपितों पर कार्रवाई न करने के विरोध में गांधी पार्क के समक्ष धरना दिया।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा कहा कि सामूहिक दुष्कर्म व हत्या का शिकार हुई बेटी के स्घ्वजनों को न्याय दिलाने और यूपी सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। इस दौरान राहुल प्रियंका गांधी सेना के कार्यकर्त्ताओं ने भी घटना के आरोपितों को सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय जाकर जिला प्रशासन के माध्यम से कायकर्त्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें यूपी सरकार को बर्खास्त करने, पीड़िता को न्याय दिलाने और घटना में साथ देने वाले पुलिस अधिकारीयों के विरुद्ध ठोस कर्रवाई की मांग की गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में इस तरह के मामले बढ़ रहे हैं, जिन पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है।





**आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन** देहरादून में आम आदमी पार्टी कार्यकर्त्ताओं ने इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस के के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्त्घ्ताओं ने कहा कि यदि सरकार इस तरह के मामले में शीघ्र कार्रवाई करती तो घटना पर अंकुश लगाया जा सकता था। लेकिन, पुलिस इस तरह की घटना में आरोपितों को बचाने के बजाए उनका साथ देकर साक्ष्य छिपाने की कोशिश कर रही है।

**ऋषिकेश में यूपी सरकार और पुलिस का पुतला दहन कर जताया विरोध** : ऋषिकेश में दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ उत्तराखंड दलित शोषित विकास मंच ने उत्तर प्रदेश पुलिस और सरकार का पुतला फूंका। मंच के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल जाटव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस कांड में यूपी पुलिस की मिलीभगत रही है। नहीं तो रात दो बजे अंत्येष्टि किस आधार पर की गई। इस मौके पर सुनील गोस्वामी, जतिन जाटव, अशोक विश्वकर्मा, सुलेख चंद,प्रवीण जाटव, विनय दुबे,सरस साहनी, कुमकुम साहनी, महादेव यादव, राम सिंह, जोगिंदर बाबा साहनी, अकलू साहनी, राम साहनी आदि मौजूद रहे।

# तीन माह में 25 हजार लोगों को नौकरी देंगे: सीएम

**लोकार्पण**

■ विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गुरुवार को हल्द्वानी में 120 करोड़ की विकास योजनाओं व नवाचार कार्यक्रमों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम ने दो एम्बुलेंस, पशुसेवा वाहन, महिला स्वयं सहायता समूह के हिलांस किचेन का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मोटर बाइक टैक्सी सेवा शुरू करने जा रही है। इसके लिए किसी गारंटर की जरूरत नहीं होगी। प्रदेश सरकार लाभार्थियों के बैंक लोन वापसी की गारंटी देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले तीन माह में सरकार जल संरक्षण, जल संवर्धन के क्षेत्र में 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। सीएम ने कहा कि अपने तीन साल के कार्यकाल में भाजपा के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।



भाजपा के सत्ता में आते समय प्रदेश में 1084 डॉक्टर तैनात थे। वर्तमान में राज्य में ढाई हजार से अधिक डॉक्टर तैनात हैं। आने वाले दो–तीन महीने में प्रदेश में डॉक्टरों की संख्या तीन हजार से अधिक हो जाएगी। आईएसबीटी के संबंध में सीएम ने कहा कि यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। हल्द्वानी के रिंग रोड का 1822 करोड़ का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। पांच अक्टूबर को इस संदर्भ में किन प्रकार के साथ बैठक होनी है। टीम रावत ने कहा कि पंचक्की चौराहा से काठगोदाम तक के लिए प्रदेश सरकार ने एक और रिंग रोड का प्रस्ताव तैयार किया है।

45 करोड़ की लागत से बनने वाली रिंग रोड का शुभारंभ किया जाएगा। बाद में सीएम 20 अस्पताल परिसर पहुंचे जहां पर सीएम ने चिकित्सा आधुनिक उपकरण का लोकार्पण किया और प्लाज्मा दाताओं को सम्मानित किया।

### जयंती की पूर्व संध्या पर याद किए गए लाल बहादुर शास्त्री

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर राष्ट्र को संकट की घड़ी में स्वाभिमान और एकजुटता के साथ मजबूती से खड़े होने का रास्ता दिखाया। उन्होंने राष्ट्र को एक उत्तम नेतृत्व प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी के सिद्धांत एवं आदर्शों का अनुसरण कर हम देश और प्रदेश को उन्नति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा सकते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी ने सार्वजनिक जीवन में सादगी, सत्यनिष्ठा, लगन, नैतिकता व राष्ट्र के प्रति समर्पण की जो अदभुत मिसाल कायम की, वह हम सबके लिए प्रेरक है। शास्त्री जी का व्यक्तित्व व कृतित्व देश की युवा पीढ़ी के लिये सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भावपूर्ण स्मरण किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भावपूर्ण स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि गांधी जी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। गांधी जी ने सत्याग्रह, अहिंसा और शांति का रास्ता अख्तियार कर अंग्रेजी शासन से देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी महात्मा गांधी विश्व पटल पर शांति और अहिंसा के प्रतीक के तौर पर माने जाते है। मुख्यमंत्री शुक्रवार 02 अक्टूबर, 2020 को प्रातः 09. 30 बजे गांधी पार्क, देहरादून में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात् गांधी जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+









Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।